GCMS-2023/115

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालतः अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री गंगानगर

नौरंगलाल बनाम स्टेट जरिये सरपंच ग्राम पंचायत महियावाली व अन्य

श्री विनोद भाटी   निगरानी प्रकरण सं0 27/2023

नरेश सैनी/रणजीत चौटाला

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख
13.04.2023	अधिवक्ता निगरानीकर्ता उपस्थित। निगरानी बाद रिपोर्ट पेश हुई। रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। निगरानी दर्ज रजिस्टर की जाती है। पत्रावली वास्ते सुनवाई क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर दिनांक 26.04.2023 को पेश हो।	
26/4/23	पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश भ्रमण पर~~ प्रशासनिक कार्य में व्यस्त है। पक्ष कारान के अभिभाषक उपस्थित है। पत्रावली दिनांक 1/6/23 को पेश हो।	
1/6/23	अधिवक्ता निगरानीकर्ता उपस्थित पत्रावली वास्ते सुनवाई क्षेत्राधिकार दिनांक 5/6/23 को पेश हो	
5/6/23	पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश भ्रमण पर~~ प्रशासनिक कार्य में व्यस्त है। पक्ष कारान के अभिभाषक उपस्थित है। पत्रावली दिनांक 22/6/23 को पेश हो।	
22/6/23	पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश भ्रमण पर~~ प्रशासनिक कार्य में व्यस्त है। पक्ष कारान के अभिभाषक उपस्थित है। पत्रावली दिनांक 25/8/23 को पेश हो।	
25/8/23	बार संघ के द्वारा कार्य स्थगित करने के कारण आज अभिभाषक उपस्थित नहीं आ रहे है। पीठासीन अधिकारी छुट्टी है। पत्रावली दिनांक 20/9/23 को पेश हो।	
20/9/23	अधिवक्ता निगरानीकर्ता उप०। पत्रावली [illegible] वास्ते सुनवाई क्षेत्राधिकार दिनांक 27/10/23 को पेश हो	
27/10/23	पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश भ्रमण पर~~ चुनाव कार्य में व्यस्त है। पक्ष कारान के अभिभाषक उपस्थित है। पत्रावली दिनांक 11/1/24 को पेश हो।	
11/1/24	पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश भ्रमण पर~~ अवकाश पर ~~कार्य में व्यस्त~~ है। पक्ष कारान के अभिभाषक उपस्थित है। पत्रावली दिनांक 20/2/24 को पेश हो।	

8/2/2026

निगरानीकर्ता के अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अनवानी निगरानी वास्ते सुनवाई क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर दिनांक 06.01.2026 को माननीय न्यायालय में लम्बित थी। माननीय न्यायालय द्वारा अधिवक्ता निगरानीकर्ता व निगरानीकर्ता स्वयं के उपस्थित नहीं होने के कारण दिनांक 06.01.2026 को उक्त निगरानी अदम पैरवी अदम हाजरी में खारिज कर दी गई। निगरानीकर्ता अभिभाषक दिनांक 06.01.2026 को अन्य प्रकरण में सिविल न्यायालय में व्यस्त थे जिस कारण अधिवक्ता निगरानीकर्ता माननीय न्यायालय में हाजिर नहीं हो सके। अधिवक्ता निगरानीकर्ता जानबूझकर न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए थे, ऐसी स्थिति में निवेदन है कि निगरानीकर्ता की निगरानी को पुनः नम्बर पर लिया जाना इंसाफन आवश्यक है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि निगरानीकर्ता की निगरानी को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश प्रदान किए जावें।

बहस पर मनन किया गया। प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्य पर परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं निगरानी 27/2023 में पारित आदेश दिनांक 06.01.2026 को अपास्त किया जाता है। निगरानी पुनः बाजबा नम्बर पर दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। पत्रावली वास्ते सुनवाई क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर दिनांक 11.03.2026 को पेश हो।

अति० जिला कलक्टर (प्रशा०)
श्रीगंगानगर

11/3/26

बार संघ के द्वारा कार्य स्थगित करने के कारण आज अभिभाषक उपस्थित नहीं आ रहे हैं। पीठासीन अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त हैं। पत्रावली दिनांक 17/3/26 को पेश हो।

17/3/2026

अधिवक्ता निगरानीकर्ता उपस्थित। अधिवक्ता निगरनीकर्ता ने क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर अपनी बहस में कथन किया कि निगरानी जो श्रीमान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है वह ग्राम पंचायत महियांवालीके द्वारा रूपाराम पुत्र प्रहलादराय के नाम से स्थित प्लाट नम्बर 191 का मिलीभगत कर गलत इन्तकाल दर्ज करवाया गया है के विरूद्ध पेश की है। ग्रांम पंचायत के किसी भी आदेश के खिलाफ पंचायत राज अधिनियम के तहत निगरानी सुनने का क्षेत्राधिकार श्रीमान न्यायालय को है। अतः निगरानी दर्ज रजिस्टर की जाकर गैरनिगरानीकर्ता के नोटिस जारी किये जावें एवं रिकॉर्ड तलब किया जावें।

अधिवक्ता निगरानीकर्ता की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि उक्त अपील ग्राम पंचायत महियांवाली के द्वारा रूपाराम पुत्र प्रहलादराय के नाम से स्थित प्लाट संख्या 191 का मिलीभगत कर जो इन्तकाल स्वीकृत किया गया है के विरूद्ध पेश की गई है जिसकी सुनवाई का क्षेत्राधिकार श्रीमान न्यायालय को नही है। ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत इन्तकाल को सुनवाई का क्षेत्राधिकार सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी को है। अतः निगरानीकर्ता की निगरानी क्षेत्राधिकार की नहीं होने के कारण खारिज की जाती है। आदेश की प्रति सम्बन्धित ग्राम पंचायत को भिजवाई जावें। पत्रावली फैसला शुमार की जाकर दाखिल दफ्तर की जावें।

आदेश आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायलाय में सुनवाया गया।

अति० जिला कलक्टर (प्रशा०)
श्रीगंगानगर

Scanned with OKEN Scanner